हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 जून 2024

06 भैरूंदा में हादसों का खतरा: क्षेत्र के कई छोटे...



07 'बिजली नहीं मिली तो हम करेंगे चक्काजाम...





## परिजनों ने पुलिस पर लगाए रिपोर्ट दर्ज नहीं करने के आरोप, एसपी ने तीन पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

# खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद, एक घायल की जावर थाने में तबीयत बिगड़ने के बाद हुई मौत

पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट नहीं लिखे जाने का जावर थाने का वीडियो वायरल हुआ। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने एक उपनिरीक्षक अनिल डोडियार सहित एक प्रधान आरक्षक भरत राम और एक आरक्षक अर्जुन को किया निलंबित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर





गुरुवार की रात जावर थाने के तहत ग्राम कान्याखेड़ी में जमीन विवाद को लेकर एक ही समाज के लोगों में जमकर लठ्ठ चले और मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट नहीं लिखे जाने का जावर थाने का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने एक उपनिरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को निलंबित कर दिया है। झगड़े की रिपोर्ट करने आए एक व्यक्ति की तबियत थाने में ही खराब होने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मौत के कारणों की पुष्टि पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी।

जानकारी के अनुसार आष्टा जनपद पंचायत में आने वाली कल्याणपुरा ग्राम पंचायत के कान्याखेड़ी गांव में खेत की मेढ़ पर रखने को लेकर विवाद हो गया। जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने भीड़ गए। इसमें एक परिवार के एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि गांव में रहने वाले सौभाल सिंह ठाकुर ,लखन सिंह, विजेंद्र सिंह का विवाद चेतन सिंह बलवान सिंह अर्जुन सिंह से हो गया। लाठी डंडों से हुई मारपीट में बलवान सिंह और अर्जुन सिंह को घायल हो गए । इसके बाद यह जावर थाने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पहुंचे थे। जहां उनकी काफी देर तक सुनवाई नहीं हुई। तभी झगड़े की रिपोर्ट करने आए बलवान की थाने में ही तबीयत खराब हो गई। अस्पताल ले लाने के बाद बलवान सिंह की मौत हो गई थी। परिजन जावर थाने के पुलिस कर्मियों पर धक्का मुक्की का लगाया आरोप लगाया है। एसडीओपी आकाश अमलकर ने तीन पुलिस कर्मियों के निलंबन की पुष्टि की है।



मृतक बलवान सिंह

**परिजनों का आरोप पीट पीट कर हत्या कर दी :** परिजनों का आरोप है की बलवान सिंह की पीट-पीटकर हत्या की गई । अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है की मौत कैसे हुई । पुलिस ने शव का पीएम कराया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

### एसपी ने एसआई और दो आरक्षकों को किया निलंबित

एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया है कि जावर थाने के ग्राम कन्याखेड़ी में दो पक्षों में जमीन विवाद हुआ था। जिसमें कुछ घायल भी हुए और थाने आए थे। शिकायत के बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। इस आरोप के बाद सीहोर एसपी मयंक अवस्थी ने जावर थाने के एसआई अनिल डोडियार, प्रधान आरक्षक भरत राम और आरक्षक अर्जुन को निलंबित कर दिया है।

### सात लोगों पर मामला दर्ज

अर्जुन सिंह पिता मोहन सिंह निवासी कान्याखेड़ी की रिपोर्ट पर लाखन सिंह पिता प्रहलाद सिंह, रामसिंह सेंधव पिता प्रहलाद सिंह, सोबाल सिंह पिता प्रहलाद सिंह, विजेंद्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह,पिन्टु सेंधव पिता सोबाल सिंह, गोपाल सिंह पिता सोबाल सिंह, अरविंद सिंह पिता लाखन सिंह सेंधव पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ है।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग फर्स्ट ईयर की परीक्षा 6 अगस्त से

**सीहोर** । मप्र आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर, पीबी बीएससी फ़र्स्ट ईयर और एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। इसमें पीबी बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 6 अगस्त से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेंगे। इसके अलावा बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 8 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे वहीं, एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 13 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे। एएग्जाम का कैलेंडर भी जारी किया गया है।

### खनिज विकास निगम में होगी भर्ती

**सीहोर**। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड ने अप्रेंटिसशिप के 197 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार www.nmdc.co.in पर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के लिए इंटरव्यू बैलाडिया लौह अयस्क खदान, किरंदुल कॉम्प्लेक्स, दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ के लिए होंगे। 1 से 9 जुलाई के बीच होने वाले इंटरव्यू के समय उम्मीदवार सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स साथ लेकर पहुंचे। इनमें ट्रेड अप्रेंटिस के 147 पद, ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 40 पद, डिप्लोमा अप्रेंटिस के 10 पद हैं।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**श्यामपुर**। ग्राम घाट पलासी में बीती रात्रि को 10 बजे के लगभग मंगलेश मीना पति रामराज मीना उम्र 24 वर्ष निवासी घाट पलासी ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलेश मीना की शादी मार्च माह में ग्राम भगवानपु रा थाना कुरावर जिला राजगढ़ निवासी रामराज मीना से हुई थी। फांसी लगाने के बाद परिवार वालों को मालूम हुआ तो उन्होंने अपनी पुत्री को फांसी के फंदे से उतार कर इलाज के लिए श्यामपुर अस्पताल लेकर आए डॉक्टर ने महिला को जांच करने के बाद मृतघोषित कर दिया पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर परिवार वालों के बयान भी लिए हैं। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। मंगलेश मीना का श्यामपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शवको परिवार जनों को सौंप दिया गया है।

### 30 तक प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य


**सीहोर**। जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास, आश्रमों का एमपी टीएएएससी मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2024-2025 में जो छात्र-छात्राएं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे छात्रावास में प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाइल पंजीयन अवश्य कराएं। बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अंतिम तिथि 30 जून है।

# निम्नागांव में एक ही परिवार के 6 डेंगू पॉजिटिव मिले, सुखवास में भी एक मिला

**सीहोर**। इस बार प्री-मानसून में कुछ जगहों को छोड़कर जिले में बाकी जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। इससे कई जगह पानी भराव की स्थिति बनी। कई घरों में पानी का स्टोरेज लगातार बना हुआ है। इस असर यह हो रहा है कि इसमें डेंगू का मच्छर एडीज पनप जाता है। यहीं कारण है कि जिले में डेंगू पॉजिटिव मरीजों की संख्या 23 हो गई है।

भैरूंदा के निम्नागांव में 6 लोग पॉजिटिव मिले हैं। इनका इलाज चल रहा है। वहीं मलेरिया विभाग की टीमें गांव में सर्वे कार्य कर रही हैं। यदि कुछ दिन तक तेज बारिश नहीं हुई तो डेंगू के केस बढ़ने के आसार बनेंगे।

निम्नागांव की बात करें तो यहां जिला मलेरिया विभाग की टीम 10 लोगों के सैंपल लिए थे जिन्हें कई दिनों से बुखार आ रहा था। इनमें से 6 लोग डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। बताया जाता है कि ये एक ही परिवार के लोग हैं जो पास में ही रहते हैं। टीम यहां पर लार्वा सर्वे कर रही है। दवाओं का छिड़काव किया जा चुका है। लोगों के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसी तरह सुखवास में भी एक सैंपल लिया गया था जो पॉजिटिव आया।



**लोगों में जागरूकता जरूरी:** लोगों में जागरुकता जरूरी हो गई है। लोग यह समझने को तैयार नहीं होते हैं कि डेंगू का मच्छर पानी में ही पनपता है। इसलिए जहां पर भी पानी का स्टोरेज है उसे खाली कर दोबारा से भरना चाहिए। हालांकि लोग ऐसा नहीं कर रहे हैं। कई जगह तो लोग जागरुक हैं तो वहां पर खुद ही वे पानी को खाली कर देते हैं, लेकिन कई गांव ऐसे भी देखे गए हैं जहां पर लोगों ने बर्तनों को खाली नहीं किया। एक तरफ पानी की किल्लत थी और इधर डेंगू के लिए बर्तनों को खाली करने की बात कही जा रही थी।

### छिड़काव, सर्वे का काम जारी है

इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बरबे ने बताया कि भैरूंदा के निम्नागांव में 10 में से 6 सैंपल पॉजिटिव निकले हैं। सुखवास में भी एक सैंपल पॉजिटिव आया है। इस तरह डेंगू पॉजिटिव की संख्या बढ़कर अब 23 हो गई है। छिड़काव और सर्वे का काम जारी है।

# किसानों ने भोपाल पहुंचकर किया डांडिया नृत्य



**सीहोर**। किसानों की समस्याओं के समाधान होने पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसानो ने भोपाल पहुंचकर उपमुख्यमंत्री राजन शुक्ला के बंगले पर डांडिया नृत्य किया। वल्लभवन पहुंचकर कई विभागों के प्रमुख सचिवों से भेट कर ग्रामीण जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया। पानी की समस्याओं के निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के.के. सोनगरिया का साफा बांधकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने कहा कि प्रमुख अभियंता के.के. सोनगरिया मध्य प्रदेश शासन के द्वारा सीहोर जिले के अनेकों गांव में नलकूप खनन कराये गए, जिनमें भरपूर पानी मिला। जिले के अधिकारियों द्वारा पीएच विभाग के कई गांव में पानी की व्यवस्था की गई। इस बात को लेकर किसानों ने भोपाल में प्रमुख अभियंता कार्यालय के बाहर डांडिया नृत्य किया और उनका धन्यवाद व्यक्त किया।

# बाजार गांव के पास खड़े डंपर में घुसी कार, एक की मौत, 3 घायल

**सीहोर**। दोराहा-बैरसिया रोड पर शुक्रवार को एक कार खड़े डंपर में घुस गई। कार सवार युवक की मौत हो गई। उसके तीन साथी घायल हुए हैं। दुर्घटना तड़के करीब 4 से 5 बजे के बीच हुई। कार सवार राजगढ़ जिले के पचोर के रहने वाले थे। घायलों को बैरसिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से उन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बाजार गांव और बालाचौंद के बीच जंगल में रोड निर्माण चल रहा है। यहां निर्माण कंपनी कंपनी बीआरएस के डंपर काम में लगे हैं। शुक्रवार की सुबह ड्राइवर डंपर को रोड पर खड़ा करके टॉयलेट करने लगा। भोजापुरा जोड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार डंपर से टकरा गई। एक्सीडेंट इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।



**पचोर से भोपाल की ओर जा रहे थे चारों :** सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। कार सवार प्रतीक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अनिल सहित दो अन्य घायलों को बैरसिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। चारों व्यक्ति पचोर के निवासी है। ये पचौर से कहां जा रहे थे, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

**कार में शराब की बोतल व नमकीन मिला:** यहां से गुजर रहे लोगों और घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों ने बताया कि कार सवार लोग नशे में थे। कार में शराब व पानी की बोतल और नमकीन पड़ा मिला। जिस डंपर से कार का एक्सीडेंट हुआ है वह भी दोपहर बाद तक रोड पर ही खड़ा था।

## जनशिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डाइट परिसर में संपन्न हुआ

# शिक्षकों की मॉनिटरिंग नहीं मेंटरिंग करेंगे जनशिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला कलेक्टर और सीईओ के मार्गदर्शन में मिशन अंकुर एफएलएन कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों को प्रभावी मेंटरिंग और अकादमिक सहयोग प्रदान करने के लिए श्योपुर और नर्मदापुरम जिलों के समस्त जनशिक्षकों का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण डाइट परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सीहोर द्वारा 24 से 28 जून तक किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि आवासीय खेलकूद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीहोर के प्राचार्य आलोक शर्मा ने किया। उन्होंने बताया की जनशिक्षक शिक्षा विभाग की मज़बूत कड़ी है और जनशिक्षक का काम स्कूल में समन्वय करना है। डाइट प्राचार्य डॉ अनीता बडग़ुर्जर ने सभी जनशिक्षकों से कहा कि पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में जो मैंटरिंग ऐप पर मॉनिटरिंग, शिक्षक संदर्शिका का शिक्षक कैसे उपयोग कर रहे है और स्पॉट आँकलन अपने जनशिक्षा केंद्र के शिक्षकों को ज़रूर बताये। आलोक शर्मा, डॉ. अनिता बड़गुजर मिशन अंकुर की टीम ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में राकेश अग्रवाल, मंजु तिवारी, सुनीता शर्मा, ब्रजशरण सिंह, योगिता लोधी ने विषयवार प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनरों ने हिन्दी और गणित के आयामों और अंग्रेजी के कौशलों पर बारीकी से प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही जनशिक्षकों द्वारा उपयोग लिए जाने वाले मेंटरींग ऐप के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में डीपीसी आरआर उईके,एपीसी अभिषेक भार्गव ने मार्गदर्शन प्रदान किया डाइट से डॉ अनिल सिंह मुक्तावत,डॉ विनयसिंह चौहान, आर के खन्ना, पीयूष सरकार, शुभम जोशी, सुषमा खरते,दीपक मालवीय, मनीष और सीहोर जिले के मिशन अंकुर जिला प्रबंधक परमल विश्नोई, श्योपुर जिले के निपुण प्रोफेशनल सुरेश, नर्मदापुरम जिले की निपुण प्रोफेशनल प्रियांशी की 5 दिनों तक सक्रिय भागीदारी रही।





## खबर संक्षेप

### आज कृषि मंत्री करेंगे निर्माणों का लोकार्पण

**सीहोर।** 29 जून को शाहगंज में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव तथा कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में शाहगंज सर्किट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान द्वारा 25 करोड़ रुपए से अधिक राशि के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि पूजन किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के पश्चात पूर्व सांसद भार्गव, कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित सभी अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया गया। बैठक में बुधनी एसडीएम राधेश्याम बघेल, बुधनी जनपद सीईओ देवेश सराठे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारतीय वायुसेना के आवेदन 8 जुलाई से

**सीहोर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाइन आवेदन 08 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक किए जा सकेंगे। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है।

### मानीटरिंग समीति की बैठक पांच जुलाई को

**सीहोर।** जनजाति कार्य विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समीति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन पांच जुलाई 2024 को शाम 5.00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की जायेगी।

### जन्म प्रमाण-पत्र बनवाना अनिवार्य

**सीहोर।** जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 द्वारा 11 अगस्त 2023 से प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा जो कि बच्चे के स्कूल में प्रवेश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाईसेंस इत्यादि के लिये आवश्यक होगा। जन्म प्रमाण-पत्र जन्म स्थान एवं जन्म तारीख का वैधानिक दस्तावेज होगा। संशोधित अधिनियम-2023 के आधार पर भारत के महारजिस्ट्रार तथा म.प्र. के मुख्य रजिस्ट्रार के निर्देशन मे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये नवीन पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से आम जन सीधे ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र अपने ई-मेल पर प्राप्त कर सकेंगे। यह पोर्टल यूजर फ्रेंडली और बहुत सरल है। पोर्टल पर आवेदक द्वारा दिया गया डाटा पोर्टल पर सुरक्षित भी रहेगा। जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 तथा नवीन विकसित सी.आर.एस. पोर्टल पर विस्तृत जानकारी सभी रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार तथा शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सालयो का समाधान भी किया गया।

#### पांडागांव सीप नदी मुख्य मार्ग इंदौर-भोपाल रोड पर ब्रिज बॉक्स पर रेलिंग न होने से हमेशा बना रहता है खतरा

# भैरूंदा में हादसों का खतराः क्षेत्र के कई छोटे-बड़े पुलों पर रेलिंग, नहीं बारिश में हादसे का अंदेशा

बारिश में इन पुलियाओं के ऊपर से पानी भी बहता है। ऐसे में बारिश के दौरान इन पुलियाओं पर से सफर करते समय सावधानी रखना बहुत जरूरी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶भैरूंदा







नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का दौर शुरू हो चुका है और ऐसे में पुल-पुलियों पर रेलिंग न होने से हादसों का डर बना हुआ है। क्षेत्र में भले ही सड़कों का जाल बिछा दिया गया हो लेकिन कई जगहों पर सुरक्षा दीवार और रेलिंग न होने से पुल-पुलियों से निकलने वाले वाहन चालकों को हमेशा जान माल का खतरा बना रहता है।

बारिश में इन पुलों के ऊपर से पानी भी बहता है। ऐसे में बारिश के दौरान इन पुलों पर से सफर करते समय सावधानी रखना बहुत जरूरी है। कई पुलियाओं के ऊपर गड्ढे भी हो चुके हैं। इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

रेलिंग और सुरक्षा दीवार नहीं होने से पुलियाओं पर हादसे होना आम बात हो गई हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के समय होती है। पांडागांव सीप नदी मुख्य मार्ग इन्दौर भोपाल रोड पर ब्रिज बॉक्स पर रेलिंग न होने से हमेशा खतरा बना रहता है। तेज बारिश होने से पुलिया पर पानी आ जाता है, जिससे यह रास्ता भी बंद हो जाता है।कभी भी हो सकती है दुर्घटना भैरूंदा के पांडागांव में स्थित सीप नदी पर बने ब्रिज बॉक्स में बड़े-बड़े गड्ढे और सरिया अलग-अलग दिखने लगे हैं. ब्रिज बॉक्स के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन करने वाले दो पहिया चार पहिया वाहनों को



भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। निमार्ण कार्य के बाद से कई बार गड्डे भरे जा चुके हैं लेकिनलगभग हर दो महा के बाद फिर से वही गड्ढे उभर कर बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई देने लगते हैं।सीप नदी पर बने बॉक्स ब्रिज पर हर समय बड़े-बड़े गड्ढे बने रहते हैं और सड़क भी उखड़ गई है. तार भी बाहर आ गए हैं जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

ग्रामीण क्षेत्रों के भी बुरे हाल ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुरानी पुलियाओं पर रेलिंग और सुरक्षा दीवार नहीं होने से बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। प्रशासन को पुलिया की मरम्मत कर रेलिंग लगाना चाहिए। जिससे हादसों को रोका जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो ने बताया कि गांव जाने वाली सड़क पर रेलिंग न होने सेपहले भी कई लोग हादसे का शिकार हो चुके है। उसके बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**हमेशा बना रहता है हादसों का खतरा :** बारिश के समय में सबसे ज्यादा परेशानी बाइक चालकों को होती है। जब तेज बारिश में पुलों के ऊपर पानी आ जाता है ऐसे में बाइक चालक कई बार हादसों का शिकार हो जाते हैं। रेलिंग न होने से बाइक चालकों के लिए हमेशा अपनी जान का खतरा बना रहता है।

**विभागों को निर्देशित किया जाएगा**

सीप नदी ब्रिज बॉक्स पर मरम्मत का कार्य व रेनिंग लगाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित कर पुलों पर रेलिंग लगाने संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाएगा।

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम भैरूंदा

## सीहोर जिला करेगा मेजबानी, 63वीं अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता मध्य जोन का किया गया शुभारंभ

**सीहोर।** पुलिस परेड ग्राउंड पर 63वीं अन्तर जिला पुलिस खेल कूद प्रतियोगिता मध्य जोन का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि डी.आई.जी भोपाल देहात ओम प्रकाश त्रिपाठी ने जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिताओं की उद्घोषणा की। साथ ही सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुलिस खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मध्य क्षेत्र के खेलकूद प्रतियोगिताओं की मेजबानी सीहोर जिला कर रहा है।


पुलिस खेलकूद प्रतियोगिताओं में कुल 5 जिलों ने भाग लिया है जिनमें नर्मदापुरम, राजगढ़, नगरीय भोपाल, रायसेन एवं जिला सीहोर हैं। खेल कूद प्रतियोगिता का




उद्घाटन समारोह का शुभारंभ अतिथियों को स्पोर्ट्स कैप पहनाकर एवं बैच लगाकर किया गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं सभी को शुभकामानाएं दी। कार्यक्रम में सभी जिलों द्वारा मार्च पास्ट किया गया एवं पुलिस बैंड द्वारा सलामी दी गई। सभी जिला प्रतिभागियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा समस्त जिलों के टीम मैनेजरों का मुख्य अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर 100 मीटर पुरुष वर्ग दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिताओं से संबंधित सभी कोच, रेफरी से अतिथियों की मुलाकात हुई एवं स्वल्पाहार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी तथा आगे होने वाले इवेंट के लिए सभी को कड़ी मेहनत से प्रतियोगिताओं मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव, कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे, महिला थाना प्रभारी मोहम्मद अंसार उल हक खान, यातायात थाना प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़, सूबेदार प्राची राजपूत, अजय भिड़े, उप निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकाली जाएगी नगर रेहटी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**रेहटी।** पिछले साल की तरह इस साल भी अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज युवा समिति के तत्वावधान में निकाली जाने वाली रथ यात्रा उत्साह के साथ निकाली जाएगी । इस मौके पर नगर के गड़ी मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और 4 जुलाई को रेहटी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रथ पर बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके साथ नगर के शिव मंदिर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर पर महा आरती का आयोजन कर समापन किया जाएगा। यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही है अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज की युवा समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए समिति सदस्य और समाज जनों के द्वारा ग्रामीण अंचलों में प्रचार प्रसार के साथ-साथ सहयोग निधि एकत्रित की जा रही है सहयोग राशि प्रदान करने में समाज जन बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आमंत्रित समाज जनों में अखिल भारतीय खाती समाज युवा समिति द्वारा सामाजिक संगठनों और राजनेताओं को



आमंत्रित कर रही है जिसमें अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम वाघवारे, उपाध्यक्ष सुनीता हरिनारायण चौहान, युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन चौधरी, राजस्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन करण सिंह वर्मा, काला पीपल विधायक घनश्याम सिंह चंद्रवंशी, विधायक हॉट पिपलिया मनोज चौधरी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व विधायक कालापीपल कुणाल सिंह चौधरी, पूर्व विधायक इछावर शैलेंद्र पटेल, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सविता पटेल, खाती दर्पण लेखक लीलाधर, महिला मोर्चा सदस्य जयश्री, महिला मोर्चा संगठन महामंत्री भगवती पटेल को समिति द्वारा आमंत्रित किया गया है।

## भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य स्तरीय आयोजन 23 जुलाई को भोपाल में

**सीहोर।** मेघा दुबे प्रदेश मंत्री द्वारा भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण होने पर 23 जुलाई 2024 को रविन्द्र संस्कृति भवन भोपाल में सुबह 10 बजे से प्रदेश स्तरीय आयोजन रखा गया है। जिसकी तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें बताया गया कि आगामी 23 तारिख को अयोजित कार्यक्रम में संचालक का उद्बोधन होगा। रैली निकाली जायेगी। उक्त आयोजन में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस हेतु नवीन कार्यकारिणी का प्रस्ताव अनिल शर्मा पूर्व विभाग प्रमुख द्वारा पेश किया गया। उपस्थित अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने ताली बजाकर एवं भारत माता की जय कारा लगाकर प्रस्ताव का स्वागत किया गया मुख्य अध्यक्षता ने प्रस्ताव को पारित करते हुए नई



कार्यकारिणी की घोषणा के लिए विभाग प्रमुख कमलेश जी को आदेशित किया विभाग प्रमुख द्वारा भारतीय मजदूर संघ जिला सीहोर की नवीन कार्यकारिणी का गठन की घोषणा मंच से की भारतीय मजदूर संघ सीहोर की नवीन कार्यकारिणी में रामस्वरूप परमार जिला अध्यक्ष बने एवं विनीत दुबे जिला मंत्री बने, कृष्णा परमार उपाध्यक्ष, विनोद गोयल उपाध्यक्ष, सुरेश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, संगीता राठौर सहमंत्री, अनूप चौधरी सहमंत्री, देवराज परमार सहमंत्री, धर्मेंद्र जेवरिया जिला कोषाध्यक्ष, देवीराम जाटव कार्यालय मंत्री, रवि पारे विधि सलाहकार बैठक में अपस्थित सामान्य सदस्य पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा पूर्व अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ वीर सिंह गुर्जर, विजय शर्मा, भोले राम जाटव ,हेमलता मेवाड़ा, सुरेश कुमार, हरीश जी, विजय गुप्ता, रितेश चंदेल, आएस गौर, संतोष ठाकुर, लखन सिंह उपरोक्त पदाधिकारी आदि उपस्थित हुई है एवं सभी सदस्य गाने नवीन कार्यकारिणी को श्रीफल एवं शाल भेंट कर नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारी संघ के जिला सचिव संतोष जैन सचिव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सीहोर ने ग्वालियर को 3-1 से हराया

**सीहोर।** भोपाल में मध्य प्रदेश फ़ुटबाल संघ द्वारा आयोजित जूनियर बालक उत्तर जोन राज्यस्तरीय फ़ुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में सीहोर टीम ने ग्वालियर को एक तरफा मुकाबले में 3-1 से विशाल अंतर से हराया। इस मैच में सीहोर टीम पूरे समय ग्वालियर टीम पर भारी रही। मैच की शुरूआत में ही सीहोर टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई थी।

जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि गुरुवार को भोपाल पहुंची सीहोर टीम की शुरूआत अच्छी रही। जूनियर बालक उत्तर जोन राज्यस्तरीय फ़ुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान सीहोर ने ग्वालियर को 3-1 से हराया। इस मैच में सीहोर की ओर से




कृष्णा, नैतिक, रोहन ने एक-एक गोल किया था, वहीं ग्वालियर की ओर से एकमात्र गोल राहुल ने किया। इसके अलावा सीहोर में खेली जा रही बेबी लीग प्रतियोगिता के दौरान बारिश होने के कारण मैच निरस्त हो गए थे। शुक्रवार की शाम को दो मैच चर्च मैदान पर खेले जाऐंगे। इसमें पहला मैच आष्टा मिलन स्पोर्ट्स-नोडल संस्था सीहोर के अलावा दूसरा मैच इछावर-सीहोर क्लब के मध्य खेला जाएगा। चर्च मैदान पर एसोसिएशन की ओर से बेबी लीग प्रतियोगिता के अलावा निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में बच्चे बारिश के दौरान भी अभ्यास करते नजर आ रहे है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित

# किसानों के लिए 55520 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। सामान्य सभा की बैठक में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, जिला पंचायत के सभी सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं शासकीय अभियानों का बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही नागरिकों की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के लिए कहा गया । जिला पंचायत सीईओ अशीष तिवारी ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर दिए गए सुझावों एवं उनके द्वारा बताई गई शिकायतों के निराकरण तत्परता से किया जायेगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा



विकासखंडवार स्वास्थ्य संस्थाओं की जानकारी, हॉस्पिटल क्वालिटी एश्योरेंस एनक्यूएएस प्रमाणीकरण, लक्ष्य प्रमाणिकरण, कायाकल्प प्रमाणिकरण, दवाइयों की उपलब्धता, लैब जांच , अन्य जांच एवं उपचार, सम्पूर्ण टीकाकरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना, आवास सहायता योजना, छात्रावास आश्रम योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, राहत योजना, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना सहित विभाग की सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### किसानों के लिए 55520 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

बैठक में जानकारी दी गई की खरीफ 2024-25 के लिए यूरिया 26013, डीएपी 15511, एसएसपी 10332, एमओपी 392, काम्पलेक्स 3272 कुल 55520 मीट्रिक टन उर्वरक किसानों के लिए उपलब्ध है। खरीफ 2024-25 के लिए कुल 27860 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया गया है। जिसमें यूरिया 11358, डीएपी 10943, एसएसपी 3705, एमओपी 177, काम्पलेक्स 1677 का वितरण किया गया है।

**स्कूली छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत निशुल्क गणवेश वितरण :** बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि सीहोर विकासखंड के लिए 96155 स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क गणवेश वितरण का लक्ष्य रखा गया था, जिसे विभाग द्वारा शत-प्रतिशत पूरा किया गया। सीहोर विकासखंड में 26103, आष्टा में 22731, इछावर में 14897, बुदनी मे 10356, भैरूंदा में 22068 स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क गणवेश वितरण किया गया है। बैठक में अन्य विभागों द्वारा भी संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया तथा उसके निराकरण के संबंध में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी द्वारा आश्वस्त किया गया।

### मूंग और उड़द का एमएसपी पर 31 तक होगा उपार्जन

सीहोर। राज्य सरकार ने ग्रीष्मकालीन मौसम वर्ष 2024 में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत प्रदेश के जिलों में समर्थन मूल्य पर कृषकों द्वारा उत्पादित ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की उपज का उचित दर पर उपार्जन करने का निर्णय लिया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया है कि उपार्जन कार्य 24 जून से आरंभ हो गया है। किसान भाईयों से ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन 31 जुलाई तक किया जायेगा।

**कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला-सीहोर**
**(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन)**

सोडानी अपार्टमेंट्स, बस स्टेण्ड के पीछे, जयंती कालोनी, सीहोर (म.प्र.)
फोन न.: 07562-226767, ई-मेलः dcjapseh@mp.gov.in

क्र. 106 /जि.ज.अ.प./नवांकुर/2024 सीहोर, दिनांक 27/06/2024

**विज्ञप्ति**

म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला सीहोर द्वारा नवांकुर योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु लीड एन.जी.ओ. के रूप में विकासखण्ड सीहोर में 1 (सेक्टर बरखेडा देवा) स्वैच्छिक संगठन/तीन वर्ष से परिषद के साथ जुड कर कार्य कर रही प्रस्फुटन समितियों का निर्धारित मापदण्ड के अनुसार चयन किया जाना है। चयनित संस्था को परिषद द्वारा प्रतिवर्ष राशि रू. 1.00 लाख की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करा कर लीड स्वैच्छिक संगठन के रूप में विकसित किया जाना है। संभाग समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद, संभाग भोपाल की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा संस्थाओं का चयन किया जावेगा। योजना का विवरण, चयन प्रक्रिया एवं आवेदन फार्म जिला कार्यालय अथवा परिषद की वेबसाईट www.mpjap.mp.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्णतः भरे हुए आवेदन समस्त दस्तावेजों सहित दिनांक 04 जुलाई 2024 को सांय 5.30 बजे तक स्वयं या रजिस्टर्ड डाक से जिला कार्यालय सीहोर में जमा किये जा सकते हैं।

**श्रमिती पारूल उपाध्याय**
**जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला-सीहोर (म.प्र.)**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रिचा खुराना पति अशोक खुराना निवासी गंज डोहर मोहल्ला सीहोर ने भूखण्ड स्वामी जगदीश यादव पिता श्री रवि शंकर निवासी मछलीपुल शास्त्री कालोनी स्टेशन रोड सीहोर तहसील व जिला सीहोर के स्वत्व वा आधिपत्य का एक रिक्त भूखण्ड जो कि ग्राम छावनी (गंज) वार्ड क्रमांक 12 मुर्दी मोहल्ला नगर पालिका परिषद सीहोर मे स्थित है। जिसका ख०क0 353/1/1/1/1/1/1 का भाग पूर्व से पश्चिम तक 30 फिट तथा उत्तर से दक्षिण तक 50 फिट अर्थात 1500 वर्गफिट यानि 139.40 वर्गमीटर को क्रय करने का लेखनीय अनुबंध कर अग्रिम बयाना राशि अदा की जा चुकी है।
यदि उपरोक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय, संस्था, शासकीय अशासकीय कार्यालय, का कोई हक, हित, अधिकार, हिस्सा हो या विक्रय सम्बंधी समव्यवहार क्रय करने का बंधक रहन आदि रखने का हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति लिखित दस्तावेज के मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूखण्ड का अपने हित मे विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा फिर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और ना ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी रहेंगी।

**भवदीय, शिराज खान एडवोकेट**
**तहसील चौराहा सीहोर मो. 9893932633**

## बिजली दफ्तर के सामने कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

# 'बिजली नहीं मिली तो हम करेंगे चक्काजाम, चाहे जाना पड़े जेल'

कई घंटे बिजली नहीं मिलने, बढ़े हुए बिल आने, बिजली अधिकारियों द्वारा टेलीफोन नहीं उठाने, मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली नहीं देने जैसी समस्याओं से परेशान हो रहे नागरिकों के लिए कांग्रेस गुरुवार को आगे आयी और बिजली कंपनी के दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कांग्रेस ने बिजली अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन है, यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो हम चक्काजाम करेंगे चाहे इसके लिए हमें जेल भी क्यों न जाना पड़े। हालांकि बिजली अधिकारियों के अपने अलग ही तर्क है, उन्होंने कांग्रेस की हर बात का अपनी दलीलें पेश कर जवाब दिया और कांग्रेस के किसी आरोप को सही नहीं माना। गुरुवार सुबह बिजली दफ्तर पीपल मोहल्ला के सामने कांग्रेसियों का सुबह 11 बजे से जमावड़ा शुरु हो गया था।

दो से तीन दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ता इस दौरान एकत्र हुए और बिजली कंपनी तथा सरकार के खिलाफ बिजली नहीं देने पर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसी अपने साथ कुंभकर्ण का पुतला लेकर आये थे और उसे जगाने के लिए उसके आसपास मोमबत्ती जलायी, ढोल बजाया और बिजली कंपनी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आंदोलन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला महासचिव गौरव चौधरी, एनएसयूआई प्रदेश सचिव प्रतीक मालवीय, जिला अध्यक्ष मयंक चौरे, सर्वप्रीत भाटिया, हिमांशु बाबू अग्रवाल, विक्रमादित्य तिवारी, प्रणीत मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश साहू, संजय गोठी, लखन बैस, अजय मिश्रा, मधुसूदन यादव, पवन बोहरा, नारायण ठाकुर, नरेश चौहान, नीलेश मालोनिया, एनएस चौहान, संजय नगरिया, संजय धर, देवी मालवीय, राहुल दुबे, पार्षद दिलीप गोस्वामी, सीमा भदौरिया, अमित कापरे, संजय ठाकुर, पप्पी कलोसिया, मोनी चंद्रवंशी, अभिषेक साहू, अभिषेक ओझा, उत्सव दुबे, सजल जायसवाल, सोनू बकोरिया, दीपक नाथ, विशाल बड़कुर, रोहित राजपूत, नितेश सोलंकी, युवराज चौधरी, अनिमेष यादव आदि उपस्थित थे।

### ये लगाये आरोप

बिजली कंपनी से उच्च स्तर पर घटिया उपकरण खरीदी, बिजली कई घंटे गुल होने पर भी अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाने, कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने, बिजली कार्यालय आने वाले उपभोक्ता की शिकायत नहीं सुनकर टेलीफोन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने का कहकर भगा देने, बढ़े हुए बिजली के बिल देने, मेंटेनेंस के बावजूद बार-बार कटौती करने जैसे आरोपी कंपनी के अधिकारियों पर लगाये और इनमें सुधार की मांग के साथ चेतावनी भी दी। बिजली अधिकारियों को मोमबत्ती भी भेंट की।

### कुंभकर्ण का पुतला जलाया



कांग्रेस कार्यकर्ता अपने साथ कुंभकर्ण का पुतला बनाकर लाये थे। बिजली कार्यालय के सामने पुतले को लिटाकर उसके आसपास मोमबत्ती जलायी गई और ढोल बजाकर उसे जगाने का प्रयास किया। कांग्रेस का यह प्रतीकात्मक विरोध बिजली कंपनी को कुंभकर्ण बताने के लिए रहा। बाद में कांग्रेस ने कार्यालय के गेट पर ही पुतला दहन कर के नारेबाजी की, मुख्यमंत्री के खिलाफ भी नारेबाजी की। यह सब बिजली अधिकारियों और पुलिस के सामने चलता रहा।

### मेंटेनेंस के बावजूद कटौती हो रही

पिछले वर्ष भी हमने आंदोलन किया था। कुछ दिनों के लिए सुधार हुआ था। अभी मेंटेनेंस के बावजूद कटौती हो रही है। अधिक देर बिजली नहीं रहती तो अधिकारी जवाब नहीं देते, बल्कि कई बार तो फोन भी नहीं उठाते। यदि सुधार नहीं हुआ तो हम चक्काजाम करेंगे चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों न जाना पड़े।

**मयूर जायसवाल,** अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी

कटौती नहीं की जा रही है, दरअसल मानसून पूर्व रख रखाव के लिए बिजली बंद की गई थी, ताकि बारिश के दौरान अधिक परेशानी नहीं आये। सबके नंबर सार्वजनिक हैं, मैं स्वयं मॉनिटरिंग करता हूं और समस्या का निदान करते हैं। उपकरण खराब नहीं हैं, गर्मी बहुत ज्यादा पड़ी है, खपत बढ़ी है तो बिल भी बढना स्वभाविक है।

**अंकुर मिश्रा,** डीजीएम बिजली कंपनी

# प्रतिमा के साथ तीन युवकों ने की छेड़छाड़ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी के ग्राम डूमर में हनुमान चबूतरे पर हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान थी। जहां बुधवार शाम को ग्राम के ही तीन युवकों ने चबूतरा से हनुमान जी की प्रतिमा नीचे फेंक दी। जानकारी के अनुसार युवकों ने उसे स्थान पर अंबेडकर मूर्ति लगाने की मंशा को लेकर हनुमान जी की मूर्ति वहां से हटा दी। ग्राम डूमर मे पेड़ के नीचे चबूतरा से हनुमान जी की मूर्ति को फेकने का वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद ग्राम एवं आसपास के धार्मिक संगठनों एवं नागरिकों में आक्रोश फैल गया, ग्राम डूमर में बुधवार शाम को लोगों ने इसका विरोध किया तो राजनीति गर्मा गई विरोध करने वाले संत श्री श्री 1008 महंत श्री गोपाल दास जी त्यागी सीताराम आश्रम उमरधा, चांदौन गौशाला उमरधा एवं नीरज पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बजरंग सेना को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनखेड़ी रमेश पटेल ने यह कह दिया कि तुम सांसद के करीबी हो एवं विवाद को उकसाने का आरोप लगा दिया। जिसको लेकर धार्मिक संगठनों एवं राजनीतिक दल के पदाधिकारी में ठन गई। घटना के विरोध में बजरंग सेना ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बनखेड़ी थाने में ज्ञापन सौंपा।

बनखेड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम के तीन युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसमे आरोपी छोटल पिता प्रहलाद हरिजन उम्र 23 मनोज पिता दशरथ हरिजन, उम्र 29 गनेश पिता शंकर हरिजन उम्र 45 तीनों निवासी ग्राम डूमर के द्वारा मूर्ति को उठाकर फेंककर लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध धारा 295A, 34 ipc के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। लोगों का कहना है कि इस मंदिर हनुमान चबूतरे के पास मांस एवं शराब की दुकान है जिसको पूर्णता बंद करना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में संत गोपाल दास बैरागी सीताराम आश्रम, भाजपा नेता सतपाल पलिया, रामेश्वर जरारिया, मुकेश चौधरी, कमल कुमार राय, पिंटू विश्वकर्मा, हरगोविंद कुशवाहा, छोटू कहार, कोशल पटेल, साहब सिंह चौधरी, रविंद्र कुशवाहा एवं दर्जनों लोग थाने पहुंचे एवं ज्ञापन दिया।

## लापरवाही को दे रहे आमंत्रण...



**सेमरी हरचंद।** नगर में आजकल पिकअप ट्रैक्टर ट्राली में मजदूरों को भरकर वाहन चालक लापरवाही से वाहन चालक दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं प्रशासन की आंख के नीचे यह सब हो रहा है जिम्मेदार अनभिज्ञ।

## एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूल में आवेदन 5 तक

**नर्मदापुरम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा विकासखंड केसला में कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 वीं की कक्षाओं की रिक्त सीटो पर प्रवेश के लिए आवेदन 5 जुलाई तक आमंत्रित किए गये हैं। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि छात्र अपने आवेदन पत्र सादे कागज पर निर्धारित दस्तावेज सहित विद्यालय के कार्यालय में जमा कराए। छात्रो का शाला में प्रवेश चयन प्रक्रिया के आधार पर होगा।

# जांच में अजनेरी की इंडस्ट्रीज का पानी मिला अमानक

## पानी पाउच का मामला पहुंचा एसडीएम कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




विकासखंड के अजनेरी गांव में संचालित गणपति इंडस्ट्रीज में बन रहे पानी के पाउच अमानक स्तर के निकले हैं प्रतिनिधि द्वारा अमानक और एक्सपायरी डेट के बिक रहे पानी के पाऊच की खबर प्रकाशित की थी जिसके बाद मई माह में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम में फैक्ट्री में जाकर पाउच के नमूने लिए थे। जिसे जांच के लिए भोपाल की लैब में भेजा गया था इसके पूर्व भी अक्टूबर 2023 में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पानी से भरे 2400 पाउच जप्त किए थे जिस जांच में पाया गया कि पानी में कैल्शियम की मात्रा कम है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने प्रकरण बनाकर मामला एस डी एम कोर्ट में दायर कर दिया है। फैक्ट्री में पानी के अमानक पाउच बनाकर खुलेआम बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। लोगों की सेहत से भी खिलवाड़ हो रहा था शादी पार्टी सहित विभिन्न रैलियों में पानी के पाउच बड़ी मात्रा में उपयोग किए जाते हैं। ऐसे में एक फैक्ट्री लगाकर स्वयं लाभ कमाते हुए ऐसा गलत कार्य किया जा रहा था। इस मामले में लोगों की सेहत से खिलवाड़ हुआ है फैक्ट्री मालिक पर कठोर का कार्यवाही करने की आवश्यकता है। अब देखते हैं एसडीएम कोर्ट में मामला गया है वहां से क्या कार्यवाही की जाती है ?

### सैंपल लेकर भेजे हैं

हमारे द्वारा अक्टूबर 2023 में पानी पाउच के सैंपल गणपति इंडस्ट्रीज से लिए जिसमें कैल्शियम की मात्रा कम है मैं 2024 में दोबारा सैंपल लेकर भेजे हैं जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है, हमने मामला एडीएम कोर्ट में दायर किया है इस मामले में जीरो से 500000 तक जुर्माना हो सकता है यदि किसी के स्वास्थ्य को नुकसान हुआ होता तो सजा का प्रावधान है।

**कमलेश दियाबार,** खाद्य एवं औषधि सुरक्षा अधिकारी नर्मदापुरम

## वरिष्ठ भाजपा नेता माहेश्वरी का निधन



**माखन नगर।** गजानंद, भगवादास, मधुसूदन, संतोष माहेश्वरी के बड़े भाई एवं अनिल,अरविंद महेश्वरी के पिताजी सत्यनारायणजी माहेश्वरी का निधन गुरुवार दोपहर में हो गया वह काफी दिनों से अस्वस्थ थे। सत्यनारायण माहेश्वरी आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे जिनकी अंतिम निज निवासी शुक्रवार सुबह 8 बजे निकाली जाएगी स्थानीय मुक्ति धाम मैं अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# सांडिया रोड पर वृक्षों की कटाई पर रोक वन विभाग पक्षियों को करेगा संरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के द्वारा पिपरिया नगर पालिका परिषद में नगर के मुख्य मार्गों को कायाकल्प योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से सीमेंट रोड शोभापुर रोड सांडिया रोड पचमढ़ी रोड को लिया गया है। वर्तमान में सांडिया रोड पर सड़क का निर्माण पलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। जो सैलरी से प्रारंभ होकर मंगलवार चौराहे तक सड़क का निर्माण किया जावेगा जो दोनों तरफ से काफी चौड़ी हो रही है तथा नाली का निर्माण भी किया जा रहा है। निर्माण के दौरान बीच में बाधा बन रहे पेड़ों को भी काटा जा रहा है। लेकिन अचानक अभी संसद के चुनाव में कांग्रेस के कार्यालय बने भवन के सामने नीम के पेड़ की कटाई की गई थी। मार्ग के दोनों तरफ पाया गया कि उक्त पेड़ों में पक्षियों के घोंसले बनाए गए थे। बगैर देखे पेड़ कटाई होने पर घोंसला होने पर पक्षियों की मृत्यु हो गई जिनमें कई पक्षियों के बच्चे भी मृत्यु को प्राप्त हो गए। इस बात को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर जारी किया गया मुद्दा सोशल मीडिया पर आने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल तत्काल मौके पर पहुंची और उन्होंने हालात को देखते हुए तत्काल कटाई पर रोक लगाई रोक लगाने के बाद यह निर्देश दिए गए की आगे का कार्य प्रारंभ किया जावे जब तक पक्षियों की विस्थापन की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक पेड़ों की कटाई नहीं की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस जनों के द्वारा वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुमार खोबरागड़े को मौके पर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान वन परिक्षेत्र बफर अधिकारी जेएस डेहरिया भी मौके पर मौजूद थे। एसडीओ ने बताया कि वन प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रजनन काल में संरक्षित किया जाता है परंतु यहां पर ऐसा नगर पालिका के द्वारा नहीं किया गया है जिसे वन विभाग के द्वारा संरक्षित किया जाएगा।

## कॉलेज में मनाया जाएगा 3 दिवसीय दीक्षांरभ समारोह

**माखन नगर।** हायर सेकेंडरी स्कूल उत्तीर्ण करने के बाद हर विधार्थियों का सपना होता है और एक सुखद अनुभूति होती है महाविद्यालय में अध्ययन करने की, और मन में जिज्ञासा होती है कि हमने जहां प्रवेश लिया है वह उच्च शिक्षण संस्थान यानि कि हमारा महाविद्यालय कैसा होगा,बदला हुआ स्टाफ, बदला हुआ वातावरण ।इन्हीं सब विधार्थियों की मानसिकता को समझते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने इस वर्ष से तीन दिवसीय दीक्षांरभ समारोह मनाए जाने हेतु मप्र के समस्त महाविद्यालय को दीक्षांरभ/प्रवेशउत्सव मनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। दीक्षांरभ कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में आने वाले नए विद्यार्थियों को नए प्रवेश में सहज महसूस करने उनके संस्थान की प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने और पूर्व से अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ परिचय कराकर स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। तीन दिवसीय दीक्षांरभ समारोह के अंतर्गत नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अभिप्रेरणा कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस यानी 1 जुलाई को प्रातः 9 बजे नव प्रवेशित विधार्थियों का स्वागत समारोह, महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण संस्थान का परिचय के साथ ही मुख्य अतिथि का उद्बोधन, महाविद्यालय स्टाफ से परिचय नई शिक्षा नीति 2020से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा।

## सीएसी वर्चुअल ट्रेनिंग से जुड़े



**माखन नगर।** प्रदेश में चल रही सीएसी की ट्रैनिंग की वर्चुअल के माध्यम से गुरूवार को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आयुक्त धनराजू द्वारा फीडबैक का ओरिएंटेशन किया गया। जिसमें नर्मदापुरम की ओर अमजद खान सीएसी माखन नगर द्वारा डाइट सीहोर का प्रतिनिधित्व किया गया। जिसमे जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान सीहोर एवं समस्त मास्टर ट्रेनर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# अटल पार्क के पास भारी वाहनों की आवाजाही से नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अटल पार्क के पश्चिमी द्वार पर स्थित एक हार्डवेयर दुकान पर कुछ दिन की रोक के बाद पुनः प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहनों की आवाजाही प्रारंभ हो गयी है। दुकान संचालक का एक छात्र नेता से विवाद के बाद पुलिस हरकत में आयी थी और भारी वाहनों का प्रवेश बंद कराया था। इधर पुलिस दूसरे काम में व्यस्त हो गयी और वहां फिर से प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहन लोहा लेकर दुकान के सामने खड़े होकर रोड जाम करने लगे। दुकान कम गोदाम में जब माल उतारा जाता है तो घंटों यह रोड बंद कर दी जाती है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता विनायक दुबे का किसी बात को लेकर अग्रवाल स्टील के संचालक से विवाद हुआ था। संगठन ने पुलिस को ज्ञापन देकर यहां प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहनों के प्रवेश की जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की थी। ट्रैफिक पुलिस ने उस दौरान दो-तीन दिन लगातार जाकर संचालक को समझाइश दी और ट्रक जब्त भी किया था। अब दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद ट्रैफिक पुलिस भी बेफिक्र हो गयी और प्रतिबंधित अवधि में पुनः यहां लोहे से भरे वाहन दिन में ही आकर खाली होने लगे हैं।

### समझौता और नियम अलग-अलग

लगता है कि दुकान संचालक ने समझौता को ही अपने लिए हर प्रकार की छूट समझ ली। सुबह 9 से रात 9 बजे तक शहर के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है, इसे न सिर्फ यही दुकान संचालक बल्कि अन्य ट्रांसपोर्ट संचालक भी नहीं मान रहे हैं। कतिपय ट्रैफिक कर्मचारियों को इनके यहां जाकर बैठते और दोस्ती निभाते भी देखा गया है, यही कारण है कि इनके हौसले बुलंद रहते है। ट्रैफिक पुलिस भी इस ओर कुछ दिन ध्यान देकर फिर भूल जाती है।

# नदी नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार एसडीम सरोज सिंह परिहार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा सीएमओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिए दोपहर में नगर पालिका के अमले के साथ एसडीएम ने वार्ड क्रं. 3 दुर्गा कॉलोनी, वार्ड क्रं. 14 पत्थर पुल के पास गोटियापुरा, वार्ड क्रं. 12 नगर पालिका के पीछे, वार्ड क्रं. 7 भीलपुरा नाला मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 9 शहीद पटेल कॉलोनी आदि का निरीक्षण किया नगर पालिका के पीछे कंदेली नदी के किनारे पर अतिक्रमण करके मकान बना लिए हैं सीएमओ को तत्काल नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया बरसात के पूर्व नदी नालों की साफ सफाई नहीं कराई गई है एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की तथा सीएमओ को नोटिस देने के लिए निर्देशित किया पत्थर पुल के पास भी नाले की सफाई नहीं की गई है पूरे नाले पर पेड़ पौधे उग रहे हैं निरीक्षण के समय तहसीलदार राकेश खजूरिया, सीएमओ शीतल भलावी, राजस्व निरीक्षक अमर सिंह ऊईके, पटवारी महेंद्र मेहरा एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

# अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहे 7 डंपर जब्त, पुलिस व खनिज टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन/ भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि 27 जून को परिवहन एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पगढाल टोल के पास रेत का अवैध परिवहन करते हुये 07 डम्पर क्रमशः क्रं. एमपी 47 जेडए9036, एमपी 12 जेडडी 8999, आरजे 09 जीई 2140, एमपी 09 एचएच 3869,एमपी 09 एचजे 0105, एमपी 09 एचजी 8231,एमपी 09 एचजे 1141 को मौके से जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा में सुरक्षार्थ खड़े किये गये हैं। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक परिवहन संतोष मिश्रा , क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान, दिवेश मरकाम खनि अधिकारी, कृष्णकांत सिंह परस्ते प्रभारी खनि निरीक्षक, हेमन्त राज खनिज सिपाही तथा पुलिस एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा।

## सड़क पर जल भराव से लोगों को आवाजाही में हो रही परेशानी

# हल्की बारिश के बाद हाईवे बन गया जलाशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर के मध्य से गुजरने वाले स्टेट हाईवे 22 पर इन दोनों कुछ जगह पर सड़क जलाशय में तब्दील हो गई है जिससे राहगीरों और नागरिकों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अंग्रेजी शराब दुकान के सामने और पलकमति नदी पुल के पास स्टेट हाईवे पर बारिश होने के बाद सड़क जलाशय में तब्दील हो जाती है ऐसा नजारा प्रतिदिन देखने को मिलता है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया गया। पलकमति पुल के पास नगर परिषद द्वारा सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क के मरम्मतीकरण के दौरान भी इस बात का ध्यान नहीं दिया गया कि बारिश के समय पर यहां जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। वही पुरानी अंग्रेजी शराब दुकान के सामने स्टेट हाईवे पर पिछले साल की यथास्थिति इस बार भी सड़क पर पानी भरना निरन्तर जारी है। यहां साल बीत जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा इस समस्या को हल करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। कुछ दिन पहले जब मानसून की शुरुआत हुई तब प्रशासन का ध्यान इस और गया और हाईवे किनारे से एक बड़ी नाली की खुदाई का कार्य शुरू हुआ जो कि अभी तक अधर में पड़ा हुआ है। प्रशासन की इस लापरवाही के चलते राहगीर सड़क पर बने जलाशय में घायल होने को मजबूर है,वही नागरिकों द्वारा इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही हैं।

नागरिकों का कहना है कि यदि यही हालात बने रहे तो आगामी दिनों में और अधिक तेज बारिश होने की स्थिति में हो सकता है कि हाईवे पर वाहनों की जगह नाव का उपयोग करना पड़ सकता है । जहां पर लोग परिवहन करने के बजाय वोटिंग का मजा ले सकते हैं। लोग चुटकी भरे अंदाज़ में कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि शायद शासन द्वारा पिछले दिनों चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान नगर में स्टेट हाईवे 22 पर सफल होता दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### पौधरोपण कर चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**आष्टा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के मार्गदर्शन में शिप्रा पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश, आष्टा के द्वारा 26 जून को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक, विद्यालय आष्टा में पंच-ज अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन और मीडिऐशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में आंवला, पीपल, नीम, सहित आदि किस्मों के वृक्षों का पौधरोपण किया गया। उसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण हेतु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपशिष्ट प्रबंधन कचरे के पुनः इस्तेमाल का तरीका है इसमें कचरे को नष्ट करने की बजाय इसे रिसाइकिल किया जाता है एवं मध्यस्थता संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि मध्यस्थता एक प्रमुख एडीआर का प्रकार है जिसे ऐतिहासिक रूप में पंचायत के दिनों में खोजा जा सकता है जब बुजुर्ग प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतो के आधार पर व्यक्तियों के बीच विवादों को हल करते थे। उक्त शिविर में प्राचार्य अमर सिंह परमार एवं शिक्षकगण में यमुना सेन, मनीषा माहेश्वरी, संदीप, महेन्द्र सिंह मालवीय, मनोज कुमार बाकड़े आदि उपस्थित रहे।

### गेल इंडिया प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण का किसान कर रहे विरोध

# किसानों से मिलने पहुंचे विधायक ने सुनी समस्याएं, बोले मुख्यमंत्री से करेंगे चर्चा


विधायक ग्राम बापचा, भंवरा, बागेर, भंवरी, अरनिया दाऊद, पहुंचे। इन गांव के किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्या सुनी और मामले को लेकर चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मप्र सरकार के प्रयासों से आष्टा को 60 हजार करोड़ निवेश करने वाले गेल इंडिया प्लांट की स्वीकृति के बाद इस प्लांट में जिन कुछ ग्रामो के किसानों की निजी भूमि जा रही है,जो इसका विरोध कर रहे है। वही किसानों की पीड़ा,उनकी बात को आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री के समक्ष,संभागीय समीक्षा बैठक में,कलेक्टर सीहोर से मिल कर सभी स्तर पर दमदारी से रखी है। आज विधायक ग्राम बापचा,भंवरा,बागेर,भंवरी,अरनिया दाऊद,पहुचे इन ग्रामो के किसानों के साथ बैठे उनकी सुनी एवं उनकी पीड़ा और मांगो को लेकर विधायक ने कहा कहा दमदारी से बात रखी उससे किसानों को अवगत कराया। विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि जल्दी ही इन पांचों ग्रामो से दो दो किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल को वे भोपाल ले जा कर मुख्यमंत्री श्री डॉ मोहन यादव से भेंट करायेंगे। विधायक श्री गोपालसिंह ने बताया कि उनका पूरा प्रयास है की जो प्लांट लगने वाला है उसमें हमारे किसानों की निजी भूमि कम से कम जाये, प्रयास यही है कि ज्यादा से ज्यादा सरकारी जमीन उसे उपलब्ध कराई जाए। हमारी सरकार किसानों की सरकार है,हम किसानों के हर दुख सुख में उनके साथ खड़े है। आज आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने भंवरी में भंवरी ओर अरनिया दाऊद ग्राम के किसानों से एवं उसके बाद भंवरा,बापचा,बागेर,आदि ग्रामो में पहुच कर किसानों से मिले उनके साथ बैठक कर चर्चा की। स्मरण रहे इसके पूर्व इस ही मामले को लेकर विधायक मुख्यमंत्री से भी मिल कर किसानों की बात उन तक पहुचा चुके है। दो दिन पूर्व भोपाल में जो संभागीय बैठक हुई थी उसमें भी विधायक ने पूरी दमदारी से अपने क्षेत्र की बात रखी है।





## लकड़ी के टुकडों से भरी पिकअप गाड़ी की जब्त

### वन अमले ने की कार्रवाई




**आष्टा।** वन विभाग ने कार्रवाई कर जब्त किया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वन विभाग की टीम गश्त कर रही थी। उसी समय एक पिकअप में अवैध रूप से सतकट प्रजाति की लकड़ी के गुटके ला रहा था। चेक करने पर कोई वैध कागज़ उपलब्ध नहीं करा पाया। वाहन की कीमत 4 लाख 75 हजार रुपए व लकड़ी की कीमत 3600 रुपए आंकी गई। एक पिकअप वाहन अरंडिया से आष्टा की ओर काजीखेड़ी जोड़ पर देखा गया। उसे रोकने का प्रयास किया तो वाहन चालक ओर तेजगति से भगाने लगा। जिसके पीछे वन विभाग की टीम ने किया ओर उसे पकड़ने में कामयाबी मिली। रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि पिकअप अवैध रूप से सतकट प्रजाति की लकड़ी के गुटके ला रहा था। जिसमें आरोपी अलादीन पिता आजाद खां निवासी अरंडिया, इरफान खां पिता गफूर खां निवासी मैना के विरूद्ध अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## समाजसेवी जमना बाई कुशवाहा का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



वरिष्ठ समाज सेवी हंसराज कुशवाहा, जगदीश कुशवाह, कुशवाहा समाज के पूर्व पटेल किशोरी कुशवाहा, विनोद कुशवाहा की माता जमनाबाई कुशवाहा का गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान काजीपुरा गिलेती आष्टा से शमशान घाट ले जायी गई। स्व. जमना बाई कुशवाहा का अंतिम संस्कार आज नम आखों से स्थानीय शमशान घाट पर किया गया। उनके पुत्र हंसराज कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, किशोरी कुशवाहा, विनोद कुशवाहा ने उन्हे मुखाग्नि दी। स्व. जमना बाई के अंतिम संस्कार में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभूप्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, संजय जैन किला, मानस भवन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कामरिया, हिन्दू सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, कुशवाहा समाज पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी किशोरी लाल कुशवाहा तुलसीराम कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा पटेल बलराम कुशवाहा, सदानंद कुशवाहा, मां पार्वती धाम गौशाला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, अतीक मंसूरी, रईस शेख, महेश सोनी, कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोर कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, मां पार्वती धाम गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, शेषनारायण मुकाती, राजकुमार कुशवाहा ठेकेदार, समाजसेवी अशोक कुशवाह, जितेन्द्र कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## जावर थाना व स्टाफ क्वार्टर हो रहे जर्जर, भविष्य में हो सकती है कोई भी बड़ी दुर्घटना: पूर्व नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, व विधायक से आग्रह किया है कि जावर थाने व स्टाफ क्वार्टर का नवनिर्माण होना जरूरी है। मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने आष्टा थाने का लोकार्पण किया। परंतु जावर नगर में बने थाने व स्टाफ क्वार्टर को लगभग 40 वर्ष हो चुका है। आज वह बहुत ही जर्जर अवस्था में है। थाने की बिल्डिंग व क्वार्टर में पुलिस कर्मियों के परिवारजन व बच्चे रहते हैं, इतनी जर्जर अवस्था में है की कभी भी वह बिल्डिंग धराशाई हो सकती है। पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने मध्य प्रदेश के संवेदनशील और मुख्यमंत्री मोहन यादव, मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह से आग्रह किया है कि जावर नगर के जर्जर थाने और स्टाफ क्वार्टर का भी नव निर्माण करें। पूर्व नपाध्यक्ष वैद्य ने कहा कि शासन द्वारा हमारे नगर के संपूर्ण शासकीय कार्यालय भवनों का नवनिर्माण कराया गया है। जिसके लिए हम मध्य प्रदेश शासन का धन्यवाद देते हैं परंतु जावर थाना और स्टाफ क्वार्टर जो की बहुत ही जर्जर अवस्था में है। उन पर ध्यान अभी तक नहीं दिया गया जो कि आज बहुत ही दुखद अवस्था में है पुलिसकर्मी दिन-रात जन सेवा में लगे रहते हैं। उनके लिए भी हाईटेक एवं नवनिर्मित थानों एवं स्टाफ क्वार्टरों की आवश्यकता है।

## नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने गुरुवार को नगर में हो रहे रोड निर्माण का निरीक्षण किया है इस दौरान उन्होंने काम को गुणवत्ता परक करने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए है मौके पर मौजूद नागरिकों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड का निरीक्षण करने पहुंचे उन्होंने ठेकेदार से काम में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि बारिश होने से पूर्व निर्माण सही ढंग से होना चाहिए इस अवसर पर वार्ड वासी उपस्थित थे।

## नगर पालिका के एक दर्जन से अधिक कर्मचारी हुए सम्मानित, कलेक्टर ने सबको सौंपे प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगरपालिका के लगभग एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों का कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र भेंटकर कार्य की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। इसी उपलक्ष्य में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने अपने निज कार्यालय पर नगरपालिका के कर्मचारियों का स्वागत सम्मान आयोजित कर शुभकामनाएं देते हुए सभी कर्मचारियों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा सम्मानित कर्मचारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, उपयंत्री पी.के. साहू, अनिल धुर्वे, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, कमरूद्दीन, मोहम्मद इसरार, जगदीश वर्मा, सुभाष सिसौदिया, अमरदीप सांगते, संजय शर्मा, गबू प्रजापति, रमेश यादव, नारायणसिंह सोलंकी, अरूणा सोनी, आकाश चौहान, राजेश घेंघट, राकेश विश्वकर्मा, आशीष शर्मा, प्रियांक शर्मा का केसरिया दुपट्टे डालकर सम्मानित कर बधाई दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि जिस प्रकार आप सभी ने लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत लक्ष्य अनुरूप बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है, उसी प्रकार नगरपालिका में आपको सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समर्पित भाव से व पूर्ण निष्ठा एवं दृढ़ता के साथ कर अपनी निकाय को प्रदेश में अव्वल बनाने में योगदान दे। सभी कर्मचारी आपसी भाईचारे व सहयोगात्मक भाव के साथ कार्य करें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, रवि शर्मा, वैभव मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों को जल, स्वच्छता और समिति की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई की प्रबंधक जनसहभागिता अधिकारी मनेन्द्र काटियार ने ग्राम पंचायत डोडी में जनसभा के आयोजन में सहभागिता दी। जनसभा में ग्रामीण जन और समूह संगठन की महिलाएं उपस्थित हुई। जल निगम अधिकारी मनेंद्र कटियार ने जल और स्वच्छता तथा समिती के बारे में सभी ग्रामवासियों को बताया। समिति में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रहेगी। 25 प्रतिशत एसी एसटी और 25 प्रतिशत जनप्रतिनिधि रहेंगे। साथ ही उन्होंने बताया अगर शुद्ध पानी मिलेगा और सभी व्यक्ति कई बीमारियों से बचेगे। जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहने से पैसे व समय की बचत होगी। जिससे गांव के साथ पंचायत खुशहाल बनेगी। साई राम टेक्नो मैनेजमेंट सल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना प्रबंधक पायल कावड़े ने बताया कि अगर सभी ग्रामीणों को पानी मिलेगा तो बच्चों को शिक्षा का स्तर बढेगा। जिससे हमारे देश की तरक्की होगी। बच्चे आने वाले कल का भविष्य है। रोजगार के अवसर बढेगे। जन जन तक यह मैसेज पहुंचना चाहिए। इस दौरान ग्रामीण लोग और आष्टा ब्लॉक समन्वयक शोभा लोधी, कृतिका उपाध्याय और मूवी लाइजर साथी रवि किशोर पलासिया, जितेंद्र करोरिया, दीपक वर्मा उपस्थित रहे।

### महावीर भवन स्थानक में विराजित है साध्वी कीर्तिसुधा महाराज

## मुक्ति पाना है तो अपने भावों को श्रेष्ठ रखो: कीर्तिसुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जो मन के भाव होते हैं, वे भाव अगर अच्छे हैं, शुध्द हैं तो भव सुधर जाएगा। अगर वे ही भाव अच्छे नहीं हैं, तो बुरे भावों से कर्मों का बंध होगा और भव भी बिगड़ेगा। अशुध्द व बुरे आए भावों के कारण जो कर्मों के बंध बंधे हैं वे कभी भी उदय में आ सकते हैं और बांधे गए कर्मों को हमें ही भुगतना पड़ेगा। शुध्द भावना से अच्छे भावों से कर्मों का नाश किया जा सकता है, इसलिए सभी के प्रति हमेशा अच्छे भाव रखें। यह बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित साध्वी कीर्तिसुधा महाराज ने प्रवचन के माध्यम से धर्मसभा में कहीं।

महाराज ने कहा कि मुक्ति पाना है तो अपने भावों को श्रेष्ठ रखो। भावना से व्यक्ति का उत्थान और पतन दोनों संभव है। भावना से बंधे कर्मों का नाश भी किया जा सकता है और कर्म भी बंधे जा सकते हैं। जो कर्म 84 सेकंड में हम खुशी मना कर बांध लेते हैं उन बंधे कामों को 84 लाख भव तक भोगना पड़ सकते हैं। इसलिए धर्म की दलाली करो धर्म की दलाली करने मात्र से तीर्थंकर गौत्र का बंध हो जाता है। इसलिए अपने भावों को कभी भी बिगड़ने मत दो। रोटी जले तो जलने दो, कपड़े फटे हैं, लेकिन हिम्मत मत हारो अगर रोटी जले तो जलने दो, कपड़े फटे हैं, खराब हैं तो होने दो, व्यापार बिगड़ रहा है तो बिगड़ने दो, हिम्मत मत हारो ये सब ठीक हो जाएगा। इन सब के चक्कर में भव मत बिगड़ने देना। अगर भव बिगड़ा तो सब कुछ बिगड़ जाएगा। बंधे कर्मों ने भगवान को भी नहीं छोड़ा है। भगवान महावीर स्वामीजी को भी साढ़े बारह वर्ष तक कठोर तप करना पड़ा था। कई उपसर्ग आए, परिसय सहन किए। भगवान ऋषभदेव ने भी एक हजार वर्ष तक कठोर तप, साधना की थी ओर घाती कर्मों का नाश किया।



## अनदेखी के चलते बस स्टैंड का प्रवेश द्वार हो रहा जर्जर, यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई बार स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका को बता दिया लेकिन ध्यान नहीं दिया। इन गड्ढे का शुक्रवार से नगर पालिका मरम्मत कार्य कर रही है। लेकिन उसमें भी लापरवाही देखने को मिल रही है, गड्ढे में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है। बता दें कि पिछले वर्ष भी बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के गड्ढे की मरम्मत की गई थी, उसे समय भी घटिया सामग्री के चलते एक ही बारिश में फिर से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बीते साल भर से बड़े-बड़े गड्ढे थे। कई बार नगर पालिका के जिम्मेदारों को स्थानीय नागरिकों ने बता दिया। लेकिन उसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता। बारिश आते ही नगर पालिका इन गड्ढे की मरम्मत कराती है। लेकिन घटिया सामग्री के उपयोग के चलते मात्र एक माह में ही वापस गड्ढे हो जाते हैं। इन गड्ढे के कारण सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के अंदर आने वाली यात्री बस चालकों को उठानी पड़ती है। शहर के भैया एमपी, अजय प्रजापति ने बताया है कि बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के गड्ढे की जो मरम्मत की गई है। उसमें नगर पालिका ने लापरवाही बरती है। घटिया सामग्री के चलते यह जल्द ही उखड़ जाएगा और फिर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाएंगे। परेशानी तो नागरिकों को ही उठाना पड़ेगी। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि अगर बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा होगा, तो दोबारा ठेकेदार से गड्ढे भरवाकर मरम्मत की जाएगी।